Topic - 6

भ्वादिगण लिट् लकार - 2 - B.A Part II

ह्रस्वः ।

अभ्यासस्याचो ह्रस्वः स्यात्

अभ्यास के अच् को ह्रस्व आदेश होता है। अलोऽन्त्यस्य परिभाषा से यह ह्रस्वादेश अभ्यास के अन्त्य स्वर के स्थान पर ही होगा। उदाहरण के लिए 'भू भूव् अ' में अभ्यास 'भू' के अच् - ऊकार को ह्रस्व उकार होकर 'भु भूव् अ' रूप बनता है।

~~भवतेर~~ः ।

भवतेरभ्यासस्योकारस्य अः स्याल्लिटि

अभ्यासे चर्च ।

अभ्यासे झलां चरः स्युः जशश्च ।

झलां जशः, खयां चर इति विवेकः

बभूव, बभूवतुः, बभूवुः

लिट् च ।

लिडादेशस्तिङ् आर्धधातुकसंज्ञः स्यात् ।

आर्धधातुकस्येड् वलादेः ।

वलादेरार्धधातुकस्येडागमः स्यात् । बभूविथ । बभूवथुः । बभूव । बभूव, बभूविव, बभूविम ।

अनद्यतने लुट् ।

भविष्यत्यनद्यतनेऽर्थे धातोर्लुट् ।

अनद्यतन भविष्यत् काल में 'लुट' लकार होता है। तात्पर्य यह है कि अनद्यतन भविष्यत् काल की विवक्षा में धातु से 'लुट' लकार का प्रयोग होता है।